II–157

C.J.

Witness No........02...........For...आवेदक साक्ष्य....Deposition taken

the 06/01/2026 day of ..........Witness's apparent age ..........37...............

States on affirmation.......my name is ................डॉ. कल्याण सिंह कुरूवंशी.........

S/o ..............रामअधारी कुरुवंशी.....Occupation.............चिकित्सा विशेषज्ञ ... ... ...

address. जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार, थाना बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग)

## मुख्य परीक्षण द्वारा श्री नागेन्द्र जायसवाल, अधिवक्ता वास्ते आवेदक

**समय 04.00 बजे**

**1-** मैं जनवरी, 2017 से जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हूं । मैं अस्थिरोग विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत हूं । मैं जिला चिकित्सा बोर्ड का अध्यक्ष था । जिला चिकित्सा बोर्ड के सदस्य डॉ. के.के. टेम्भूरने शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. एस.आर. बंजारे भेषज विशेषज्ञ थे ।

2– दिनांक 30.07.2025 को भुवनलाल पिता जेठूराम उम्र 29 वर्ष निवासी धाराशिव विकलांगता प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु चिकित्सा बोर्ड के समक्ष आया था । हमने जांच करने पर पाये थे कि भुवनलाल के बांये पैर की हड्डी टूटी हुई थी जिसका ऑपरेशन पश्चात रिंग फिक्सेटर लगा हुआ था । भुवनलाल के बांये पैर में 40 प्रतिशत विकलांगता होना पाये थे । भुवनलाल के बांये पैर की विकलांगता में सुधार हो सकता था इसलिए उसे दो वर्ष बाद बुलाया गया था । हमारे दिया गया विकलांगता प्रमाण पत्र प्रदर्श ए–89 पर ए से ए भागों पर मेरे हस्ताक्षर है ।

**//प्रति परीक्षण द्वारा श्री अनिल त्रिवेदी, अधिवक्ता वास्ते अनावेदक क्रमांक 1 व 2 //**

3– **कुछ नहीं** ।

**//प्रति परीक्षण द्वारा श्री बी0 सी0 कैवर्त्य, अधिवक्ता वास्ते अनावेदक क्रमांक 3//**

4– यह कहना सही है कि मरीज की जांच के संबंध में रजिस्टर में इंद्राज किया जाता है । यह कहना सही है कि प्रमाण पत्र पाने वाले का नाम रजिस्टर में लिखते हैं । यह कहना सही है कि मैं आज रजिस्टर लेकर नहीं आया हूं । यह कहना सही है कि भुवनलाल का ईलाज हमारे

अस्पताल में नहीं हुआ है । यह कहना सही है कि भुवनलाल को चोट किस कारण से आयी थी इसका उल्लेख प्रदर्श ए–89 के प्रमाण पत्र में नहीं किये हैं । यह कहना गलत है कि बिना जांच किये ही प्रमाण पत्र जारी किये हैं ।

समय 04.20 बजे ।

**साक्षी को बयान पढ़कर सुनाया गया सही होना स्वीकार किया।**

**मेरे निर्देश पर टंकित किया गया।**

**(अब्दुल जाहिद कुरैशी)**
मुख्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
बलौदाबाजार (छ.ग.)

**(अब्दुल जाहिद कुरैशी)**
मुख्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
बलौदाबाजार (छ.ग.)

ABDUL ZAHID QURASHI

Digitally signed by ABDUL ZAHID QURASHI
Date: 2026.01.06 18:22:23 +0530